हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 स्कूल में निबंध, चित्रकला व भाषण स्पर्धा, निकाली ...



11 पलवा में 30 लाख की लागत से विकास कार्यों का ....





## खबर संक्षेप



### क्विज प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया जमकर उत्साह

**जगदलपुर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से लालबाग मैदान में प्रदर्शनी जनसंपर्क विभाग ने लगाया है। प्रदर्शनी स्थल में नागरिकों, विद्यार्थियों और युवाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने शासन की योजनाओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर जागरुकता का परिचय दिया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। जनसंपर्क विभाग के उप संचालक कमल बघेल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य आमजन में सरकारी योजनाओं के प्रति जानकारी और भागीदारी को बढ़ाना है ताकि योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लोगों तक पहुंच सके।

### उतम बने सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण संघ के दूसरी बार जिलाध्यक्ष



**जगदलपुर।** सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण संघ बस्तर के वार्षिक आम सभा में सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष उतम सेठिया, उपाध्यक्ष सुकमन यादव, सचिव सोनू राव, कोषाध्यक्ष सदानंद सेठिया, सह सचिव सुदराम सेठिया एवं कार्यकारीणी सदस्य महेश देवांगन तथा रूपनाथ पानीग्राही को चुना गया। दूसरी बार जिलाध्यक्ष का दायित्व निभाने और भरोसा जताने पर अध्यक्ष ने सबका आभार माना।

### बस्तर दशहराः मावली माता की भव्य विदाई होगी आज

**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा की अंतिम रस्म मावली माता की विदाई मंगलवार को होगी। दशहरा समिति द्वारा ससम्मान व भव्य विदाई की तैयारी कर ली गई है। विदाई के दौरान दन्तेवाड़ा तथा जगदलपुर के दन्तेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी, राजपरिवार, राजपुरोहित, राजगुरू, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, दशहरा समिति के पदाधिकारी, समाज प्रमुख सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। मांई जी के सम्मान में पुलिस बैंड के घ्वनि के बीच सशस्त्र बल के द्वारा सलामी दी जाएगी। दंतेश्वरी मंदिर से जियाडेरा तक पूरे सड़क को पानी से धुलवाकर सफाई की जाएगी और सड़क के दोनों ओर श्रद्धालु देवी की डोली को विदा करने मौजूद रहेंगे। जियाडेरा से वाहन में सवार कर दंतेवाड़ा रवाना किया जाएगा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन किया गया शुरू

**जगदलपुर।** अग्निवीर में भर्ती की अधिसूचना जारी होने के बाद बस्तर जिले के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर आया है। कंप्यूटर परीक्षा पास कर चुके बस्तर जिले के वे सभी उम्मीदवार, जो शारीरिक प्रशिक्षण में रुचि रखते हैं, उन्हें अपने उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, आड़ावाल में उपस्थित होना होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है और यह कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

### अयोध्या की राम लीला ने बांधा समां

**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा लोकोत्सव के सांस्कृतिक



कार्यक्रमों के साथ प्रथम दिन का आगाज हुआ। इस अवसर पर अयोध्या से आई रामलीला मंडली ने भगवान श्रीराम की जीवन लीला पर आधारित शेष पेज 10 पर

# सीआरपीएफ 2 जिले में 300 पदों में करेगा अजजा जवानों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की भर्ती में सुकमा व बीजापुर जिले के अनुसूचित जनजाति के ही उम्मीदवार भर्ती किये जाने की प्रक्रिया चल रही है उससे पैदा हुई कानूनी सवालों के सम्बन्ध में बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजे पत्र अजा और ओबीसी को जोड़ने की मांग की है। जारी बयान में उन्होंने बताया कि 300 पदो पर नियुक्ति की प्रक्रिया चलाया जा रहा है। इससे कई कानूनी सवाल पैदा हुए है। जिसमें इन जिलो में एसी व ओबीसी वर्ग के मूल निवासी जातियां है जो सैकड़ो वर्षों से यहां निवासरत है जिनकी सामाजिक व संस्कृति रीति-रिवाज व परम्पराएं अनुसूचित जनजाति के साथ साझा तौर पर सम्मिलित है। ऐसे में एससी व ओबीसी के उम्मीदवारो को इन भर्तियों में अलग क्यों रखा गया है ।

- बीजापुर और सुकमा जिले में केवल अजजा जवान की हो रही भर्ती

## अजा और ओबीसी को भी शामिल करने की उठी मांग

### अन्य विभागों में नहीं होती ऐसी भर्तियां

यह विडम्बना है कि नक्सलियों से मुकाबला के लिए इस तरह विशेष भर्तियां बस्तर में पहले भी हुई हैं लेकिन राज्य या केन्द्र के बन्दूक विभाग को छोड़कर शेष सभी विभागों की नौकरियों की भर्तियों में ऐसा स्थानीय स्तर की भर्तियां क्यों नहीं किया जाता। ताज्जूब होता है कि डीएमएफ मद की राशि से छोटे नौकरियों में जो अस्थाई है की भर्ती करनी है तो भी राज्य स्तर से व्यापम से क्यों किया जाता है।

*बस्तरिया राज मोर्चा ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र*



### महत्वपूर्ण प्रावधानों का उपयोग होगा?

राज्यपाल से अनुरोध करते मनीष कुंजाम ने कहा कि आप अनुसूचित क्षेत्र के लिए संवैधानिक संरक्षक है। संविधान की 5 वीं अनुसूची के प्रावधान सरकार के लिए जो उसके मुताबिक अनुकूल हो तब ही इस्तेमाल होगा, या सामान्य तौर पर भी इन महत्वपूर्ण प्रावधानों का उपयोग होगा। उन्होंने इन सवालों के जवाब देने की अपेक्षा की है।

## अंडा ठेला में महिला से माचिस मागंने को लेकर हुआ था विवाद

# ऑटो चालक की हत्या मामले में तीन नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

दंतेश्वरी मंदिर के करीब दशहरा पसरा में शनिवार रात को ऑटो चालक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा ली है। मामले में तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा, चाकू के अलावा दुपहिया बाइक व एक्टिवा वाहन जब्त किया है। घटना दिनांक को मृतक घटनास्थल के करीब अण्डा ठेले में माचिस मांगने गया हुआ था। जहां महिला संचालिका द्वारा मना करने के बाद उसने अभद्र व्यवहार किया गया था। वहीं मौके पर मौजूद महिला के भाई के साथ उसका विवाद हुआ और उसने अपने अन्य परिचितों को मौके पर बुलाया। सभी ने मिलकर उस पर हमला कर दिया जिसके बाद गंभीर रूप से घायल युवक ने दम तोड़ दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा आरोपीयों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए एएसपी महेश्वर नाग व सीएसपी सुमीतकुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना कोतवाली भोलासिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि मामले 6 अक्टूबर को प्रार्थी राजेश बघेल पिता स्वयंबर बघेल 30 वर्ष निवासी रेल्वे कालोनी झोपड़ी पारा जगदलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई करन बघेल 4 अक्टूबर की दोपहर तीन बजे सिनेमा देखने के लिए जा रहा हूं कहकर निकला था। पांच अक्टूबर की रात लगभग 1:30 बजे परिचित देवेष दुबे ने मोबाइल पर फोन कर बताया कि उसके भाई करण बघेल को किसी ने पुराना तहसील कार्यालय स्थित दशहरा पसरा मे हत्या कर दी है। उसे काफी चोट लगी है वह खून से लथपथ है। बताने पर वह अपने पिता के साथ घटनास्थल के पास पहुंचा और भाई करन बघेल को देखा उसके सिर पीछे व दाहिने जांघ मे लाठी डण्डा व चाकू जैसे धारदार हथियार का चोट के निशान थे। सांस नहीं चल रही थी। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करने की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। टीम द्वारा लगातार प्रयास एवं मुखबिर सुचना के आधार पर आरोपी राहुल यादव शेष पेज 10 पर

- मृतक के भाई की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज, आरोपी न्यायालय में पेश






### मृतक व आरोपियों में हुई थी मारपीट

आरोपियों ने मेमोरण्डम कथन के आधार पर बताया कि घटना दिनांक की रात करीबन 10 बजे करन बघेल दशहरा पसरा के सामने लगे अण्डा ठेला जिसकी संचालिका एक महिला थी के पास गया एवं माचिस की मांग की। जिस पर मना करने पर उसके द्वारा महिला पर अभद्र टिप्पणी की गई। जिस पर वहां पर मौजूद महिला के भाई आरोपी राहुल यादव द्वारा करन को चार झापड़ मारकर गाली गलौज कर वहां से दूर किया गया। इसके बाद आरोपी राहुल यादव द्वारा विधि से संघर्षरत बालक को फोन कर बोला कि मेरी बहन को एक लडका दारू पीकर अभद्र टिप्पणी किया है तुम जल्दी यहां ठेला के पास आओ। इसके बाद विधि से संघर्षरत बालक अपने अन्य दो विधि से संघर्षरत बालकों के साथ अण्डा ठेला के पास पहुंचे। यहां करन भी मौजूद था। जहां आरोपी राहुल यादव द्वारा करन की ओर इशारा करते हुए यही वह लड़का है जो मेरी बहन को अभद्र टिप्पणी किया है। इसके बाद उनके व करन के बीच वाद विवाद हुआ।

## युवा कांग्रेस ने चलाया गद्दी छोड़ आंदोलन अभियान में लोगों से कराया हस्ताक्षर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिला युवा कांग्रेस ने सोमवार को बिजली चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत बढ़े हुए बिजली दरों और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ शहर के गोलबाजार चौक में हस्ताक्षर अभियान चलाया। दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता गोलबाजार चौक में एकत्रित हुए और भाजपा सरकार की विफल नीतियों तथा आम जनता पर डाले जा रहे आर्थिक बोझ पर लोगों को जानकारी दी। जनता से प्रदेश सरकार के खिलाफ समर्थन मांगा।

- गोल बाजार में सरकार के विरोध में मांगा समर्थन

### नहीं तो व्यापक आंदोलन होगा

युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार अविलंब बिजली दरों को कम नहीं करती है और आम जनता को राहत नहीं देगी तो आने वाले समय में यह आंदोलन और व्यापक होगा।

### ये रहे शामिल

विरोध प्रदर्शन में सामु कश्यप, अनवर खान, हेमू उपाध्याय, शेख जहिद हुसैन,उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेन्द्र पटवा,रवि शंकर तिवारी,सेमीयल नाथ,निकेत राज,एस नीला,सुसमा सुता दास,बी ललिता राव,आकिब रजा,सायमाअशरफ, अंजना नाग,लोकेश नंदा,मनोहर सेठिया,अनुराग महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पार्षद की धमकी से हड़ताल में गए प्लेसमेंट कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी कांग्रेस पार्षद गौतम पाणीग्राही के द्वारा एक कर्मचारी को मारने और जान से मारने की धमकी के बाद हड़ताल पर चले गए। महापौर संजय पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल से कहा कि एफआईआर हो गई है, कार्रवाई भी होगी हम इसकी निंदा करते हैं। किसी भी छोटे कर्मचारी के साथ अभ्रद व्यवहार नहीं होना चाहिए। महापौर की समझाइश के बाद कर्मचारी नेता ने कहा कि कम वेतन में छोटे कर्मचारी काम करते हैं, हमारे सम्मान को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए। आगे से ऐसा न हो इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंदोलन से किसी समस्या का हल नहीं है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसलिए हम काम पर लौट रहे है। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन तथा पार्षद निर्मल पाणीग्राही मौजूद थे।

- महापौर की समझाइश के बाद आंदोलन किया खत्म
- पुलिस ने दर्ज किया मामला

## दशहरा में सुरक्षा के दावों की खुली पोल : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

दशहरे के दौरान प्रशासन और पुलिस की तैयारियों के बड़े-बड़े दावे धाराशायी हो गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लौटते ही युवक की निर्मम हत्या एवं दशहरे कार्यक्रम स्थल के आसपास खुलेआम मारपीट, गुंडागर्दी ने शहर में लॉ एंड आर्डर को ध्वस्त कर दिया।



सुरक्षा के दावे झूठे निकले, क्या पुलिस प्रशासन केवल बड़े लोगों के लिए हैं। जारी बयान में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष ने यह गंभीर सवाल उठाते कहीं है । उन्होंने कहा कि विधायक विनायक गोयल के कार्यालय के समक्ष खुलेआम गुंडागर्दी की बात भी सामने आई है। चौंकाने वाला पहलू यह है कि यह घटना पुलिस कंट्रोल रूम के पास अंजाम दी गई। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री से लेकर राज्य के गृहमंत्री और मुख्यमंत्री तक बस्तर में मौजूद थे। उसी दिन पुराने तहसील कार्यालय परिसर में एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई।

## स्वदेशी मेले में महिला स्वावलंबन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

लालबाग मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में सोमवार को महिला स्वावलंबन से समाज में परिवर्तन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सतरूपा मिश्रा ने कहा कि जब महिला आत्मनिर्भर बनती है तब केवल परिवार नहीं, पूरा समाज सशक्त होता है। स्वावलंबन ही नारी की वास्तविक शक्ति है। संगोष्ठी में महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन केवल उत्पादों का नहीं बल्कि स्वाभिमान और स्वावलंबन का आंदोलन है, जिसमें महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

- वक्ताओं ने कहा परिवर्तन की शुरूआत आत्मनिर्भर नारी से



### प्रमुख हस्तियों ने किया स्वदेशी मेले का अवलोकन

*स्वदेशी मेला प्रारंभ होने के बाद से ही अनेक प्रमुख नेताओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने मेले का अवलोकन कर इसकी सराहना की है। सभी ने एक मत से कहा कि जगदलपुर में स्वदेशी मेला आयोजित करने का निर्णय अत्यंत सराहनीय है।*

स्वदेशी मेले में प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर संगोष्ठियां, व्याख्यानमालाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के हर वर्ग में स्वदेशी भावना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही आमजन के विचार एवं सवाल भी साझा किये जा रहे हैं । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिन्द्र बरिहार, मेला संचालक किशोर पारेख, संजय पाण्डे, महापौर एवं मेला सचिव, डॉ. राम राकेश जांगीड़ संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, बस्तर संभाग, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, मेला संयोजक लक्ष्मण झा एवं देवेंद्र देवांगन, शेष पेज 10 पर

## हाउसिंग बोर्ड और पीडब्लूडी के अधिकारियों को समन्वय बनाकर काम करने दी समझाइश

# निर्माण कार्य के चलते सड़कों की हालत खस्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

महापौर संजय पांडे ने रविवार को लोकमान्य तिलक वार्ड धरमपुरा का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा चल रहे निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र की मुख्य सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ से स्थानीय निवासियों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने महापौर को समस्याएं बताईं । जिसके बाद उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके से ही हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता एम के सोम और लोक निर्माण विभाग के ईई राजीव बत्रा को फोन लगाया ।

- वार्डवासियों से समस्या सुन नाराज हुए महापौर



महापौर ने सड़क को शीघ्र मरम्मत करने और मरम्मत कार्य का प्रस्ताव तैयार कर जल्द शासन को भेजने के लिए कहा।

उन्होंने कहा नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों के चलते यदि नागरिकों को असुविधा हो रही है तो संबंधित विभागों को तुरंत जिम्मेदारी निभानी होगी। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम नागरिकों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान वार्ड पार्षद संतोष गौर, वार्डवासी वर्षा नागवंशी, वर्षा ढोखे, माधुरी साहू, गायत्री दास, खुशबू खान उपस्थित रहे।

## 15 अक्टूबर से आम जनता के लिए खुल जाएगा पर्यटन क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम तिरिया में विशेष ग्राम सभा में वन अधिकार कानून 2006 के प्रावधानों के तहत पारंपरिक संसाधनों, वनों और प्राकृतिक स्थलों के संरक्षण, प्रबंधन एवं उपयोग से संबंधित निर्णय लेने पर चर्चा हुई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तय किया गया कि गांव का प्राकृतिक पर्यटन स्थल 15 अक्टूबर से आम जनता के लिए खोला जाएगा। यह कदम ग्राम सभा द्वारा सामूहिक प्रबंधन अधिकारों के अंतर्गत उठाया गया। पर्यटन स्थल के सुचारू संचालन और प्रबंधन हेतु गश्त एवं सुरक्षा टीम के सदस्यों को पहचान स्वरूप शर्ट वितरित किए गए। ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# स्कूल में निबंध, चित्रकला व भाषण स्पर्धा, निकाली जागरुकता रैली

राष्ट्रीय वन प्राणी संरक्षण सप्ताह वनमंडल केशकाल में वनविभाग द्वारा सोमवार को आलोर गांव के शासकीय हाईस्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता , चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

■ राष्ट्रीय वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में वन विभाग ने आलोर गांव में किए विभिन्न कार्यक्रम

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वालों बच्चों को पुरस्कार का वितरण किया गया। जिसके बाद गांव के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के साथ गांव में जागरुकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण में महत्व को समझाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देशन पर बड़ेडोंगर वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेंद्र मेश्राम की नेतृत्व में आयोजित हुए। इस दौरान फरसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी आर एस यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीणजन , शिक्षक सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।



# पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल तीन निरीक्षकों का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं राज्य स्थापना बोर्ड की स्वीकृति पर कोंडागांव जिले में पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक, कोंडागांव वाय अक्षय कुमार द्वारा सोमवर को जारी आदेश के अनुसार जिले के तीन पुलिस निरीक्षकों का तत्काल प्रभाव से कांकेर जिले में स्थानांतरण कर दिया गया है।

स्थानांतरित किए गए निरीक्षकों में संजय कुमार शिंदे – थाना प्रभारी, फरसगांव, रविशंकर ध्रुव – थाना प्रभारी, मर्दापाल और रमेश सोरी – डी.आर.जी प्रभारी, कोंडागांव शामिल है। उक्त अधिकारियों को दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को कार्यमुक्त किया गया है । वही एसपी ने एक और आदेश जारी कर दो निरीक्षकों को नवीन पदस्थापना सौंपी गई है। जिसमें निरीक्षक विकासचंद राय को नक्सल सेल से हटाकर फरसगांव थाने की कमान सौंपी गई है वही निरीक्षक राजकुमार शोरी को रक्षित केंद्र से हटाकर मर्दापाल थाना प्रभारी बनाया गया है। यह तबादला अगले आदेश तक अस्थाई रूप से लागू रहेगा। यह फेरबदल भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में किया गया है। प्रशासन का मानना है कि यह बदलाव आगामी विधानसभा चुनावों को निष्पक्ष और प्रभावी रूप से संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## महापौर ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**धमतरी।** धमतरी कराते एसोसिएशन द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय ओपन कराटे टूर्नामेंट का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने किया। अपने उद्बोधन में श्री रोहरा ने कहा कि कराते जैसे खेल युवाओं को सशक्त बनाते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। खेलों से जीवन में अनुशासन और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि स्वच्छ वातावरण ही अच्छे खिलाड़ी का निर्माण करता है।

देशप्रेम, धार्मिक एवं सामाजिक जागरुकता का दिया संदेश

# नन्हे कलाकारों ने कुरुद में निकाली मिनी झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

श्री कृष्ण मित्र मंडली गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में शनिवार शाम को मिनी झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो कि गांधी चौक से राधा कृष्ण मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान नगर की बाल प्रतिभाओं ने अपनी कला, कौशल और हुनर का प्रयोग करते हुए काफी आकर्षक ,मनमोहक और नयनाभिराम झांकी निकाली।



इन झांकियों में देशप्रेम, धार्मिक प्रसंग और सामाजिक जागरूकता से जुड़ा संदेश प्रदर्शित हो रहा था। इन झांकियों में धुमाल और डीजे का प्रतीकात्मक रूप बनाया था जो आकर्षण का केंद्र बना रहा । इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर आयोजक समिति द्वारा बनाए गए मंच से मुख्य अतिथि बोल बम सेवा समिति और वंदे मातरम परिवार के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने झांकियों का स्वागत करते हुए बच्चों की शानदार प्रस्तुति और प्रतिभाओं की तारीफ की। नन्हे कलाकारों के इस हुनर को देखने बड़ी संख्या में वार्ड सहित नगरवासी उपस्थित थे।







## अंचल की खबरें

### साहू समाज खिसोरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने रामचरण



**मगरलोड।** साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा का चुनाव कार्यक्रम मधुबन धाम रांकाडीह में 3 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम गाड़ाडीह निवासी रामचरण साहू को अध्यक्ष पद से नवाजा गया। ग्राम बोडरा निवासी टेकराम साहू को उपाध्यक्ष, ग्राम बोडरा निवासी श्रीमति दामिनी साहू को महिला उपाध्यक्ष, ग्राम सांकरा निवासी भोजराम साहू को संगठन सचिव व ग्राम कपालफोड़ी निवासी श्रीमति दमयंतीन साहू को महिला संगठन सचिव की कमान सौंपी गई। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा के स्वजातीय लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

### भावसिंह सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष बने



**धमतरी।** सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक डोंगेश्वर धाम देवपुर में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता और संगठन को मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से भावसिंह डहरे को जिला अध्यक्ष और विजय सोनवानी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया।

### नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी : दीपक सिंह



**धमतरी।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर पोटियाडीह में मां दुर्गा आयोजन समिति द्वारा धार्मिक नाट्य मंचन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी समाज की आदर्श स्वरूप है और उसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के समय में नारी सम्मान व सुरक्षा चिंतन का विषय है। समाज को संगठित होकर अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे प्रभु श्रीराम ने शक्ति की आराधना कर रावण का वध किया, वैसे ही हमें भी मातृशक्ति के साथ मिलकर सामाजिक बुराइयों का अंत करना चाहिए। मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की कथा इस बात का प्रतीक है कि नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी है। कार्यक्रम में अमरदीप महाजन, रविंद्र बंजारे, जतिन देवांगन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेमरा बी में रामलीला मंचन के साथ किया रावण का दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम सेमरा (भखारा) में विजयदशमी पर्व भारी बारिश के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाल-लीला मंडली एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा दूसरे साल भी श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण का डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही। जिसके बाद कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर करीब 11 फीट रावण के पुतले का बारिश के बीच दहन किया।

ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सेमरा (भखारा) में गुरुवार को को विजयदशमी पर्व



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दुर्गा विसर्जन के पश्चात ठाकुर चौक से श्रीराम सेना और लंकापति राक्षक राज रावण के 11 फिट बने चलित पुतला और उसके सेना का शोभायात्रा डीजे के साथ निकाली गई। रावण का पुतला को पैदल चलाते हुए गांव के कुम्हारपारा, शीतला चौक होते हुए बस स्टैंड चौक रंगमंच पहुंचे। जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंच पर बतौर अतिथि जनपद सदस्य बनीता सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य मोतीलाल सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, उपसरपंच दीपक चक्रधारी, ग्रामीण अध्यक्ष लीलेश साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, सचिव ख़ूबलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिन्हा, पूर्व सचिव प्रमोद सिन्हा, लीला मंडली के अध्यक्ष अध्यक्ष माधवराम साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, धनसिंह सेन, पं. विजयशंकर शर्मा, नरोत्तम सिन्हा आदि ने मुकुट पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात जनपद सदस्य बनीता सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष लीलेश साहू, राजेश सिन्हा ने विजयदशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रामलीला में रावण का दहन करने का मतलब बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें अपने मन के अंदर व्याप्त बुराईयां रूपी रावण का अंत कर गांव, समाज में सत्य की राह पर चलकर आपसी भाईचारे की भावना स्थापित करना सीखाता है। ताकि हमारा गांव आदर्श ग्राम बन सके। रामलीला मंडली को प्रोत्साहित करने जनपद सदस्य बनीता सिन्हा ने 20 हजार रुपये देने की घोषणा की। मंच संचालन मोती विश्वकर्मा ने किया। तत्पश्चात बाल लीला मंडली के कलाकार नरेंद्रदास मानिकपुरी, विजयशंकर शर्मा, माधवराम साहू, मिथलेश सार्वा, व्यासनारायण साहू, चोवाराम साहू, कमलेश साहू, महेशु साहू, शिव चक्रधारी, देवेंद्र साहू, खेलन, हर्षकुमार सिन्हा, देवांशी, कल्पना आदि ने रामलीला का शानदार मंचन कर बरसते पानी में 11 फीट रावण का दहन किया। संगीत में भानूराम सार्वा, बुधराम ध्रुव, खेलन साहू, हुमेन्द्र सिन्हा, डोमार साहू, पुनीत साहू आदि ने विशेष सहयोग किया। जिसे देखने सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। रावण वध पश्चात सभी ने एक-दूसरें रैनी भेंट कर बधाई दी।

# अनियमित बारिश से हरी सब्जियों की फसल तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंचल में बीते कुछ दिनो से हो रही अनियमित बारिश से किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया है। बाड़ियों में लगे टमाटर, भिंडी, लौकी, करेला, कद्दु, बरबटी, ग्वारफली जैसे फसलें जलभराव से झड़ गई हैं। कई किसानों ने 5 से 6 एकड़ में सब्जी की फसल लगाई थी। जो दशहरा दीवाली में अच्छा लाभ देने की उम्मीद थी। कृषक भोलाराम साहू, बलदेव निषाद ने बताया कि बारिश ने उनकी बाड़ी की फसल चौपट कर दी है। पौधे गल गए है। फलियां खराब हो गई है। जिससे बाजार में रेट कम मिल रहा है। अच्छी सब्जियों की मांग बढ़ गई इसलिए रेट बढ़ा है।



शहर के इतवारी बाजार में सब्जी बेच रहे पसरा व्यवसायी अधनतीनबाई पटेल, चेतन पटेल ने बताया कि रविवार को आवक कम होने से सब्जियों के दाम 10 से 20 रुपए किलो बढ़ गए। कुछ सब्जियां 80 से 100 रुपए किलो तक पहुंच गए। उन्होंने बताया कि रविवार को मुनगा, हराधनिया 200 रुपए किलो रहा। बिंस, खेखसी 150 रुपए किलो बिका। ढेंस, प्याजभाजी 100 रुपए किलो रहा। गोभी, शिमला, परवल, कटहल 80 रुपए किलो बिका। पालक, लालभाजी 60 रुपए किलो रहा। गाजर, कुंदरू, करेला, बरबटी, भिंडी, मिर्च, कोचई 50 रुपए किलो रहा। भटा, पत्तागोभी, डोड़का, तोरई, मूली 40 रुपए किलो बिका। कुम्हड़ा, केला 30 में बिका तो टमाटर 20 रुपए किलो रहा। लौकी 10 रुपए किलो बिका।

# घुरावड़ में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

■ रामलीला मंचन बना आकर्षण का केंद्र

नगरी ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम घुरावड़ में विजयादशमी का पर्व चार अक्टूबर को पारंपरिक हर्षोल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और समाजिक एकता के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित रामलीला मंचन ने समस्त ग्रामवासियों और आगंतुकों का मन मोह लिया। राम-रावण युद्ध के जीवंत मंचन के माध्यम से अधर्म पर धर्म की और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश समाज को दिया। वही ग्राम के सरपंच महेश नेताम ने



रावण की भूमिका निभाकर अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रभावशाली संवादों ने मंचन में प्राण फूंके और यह प्रस्तुति आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। मंचन के उपरांत महेश नेताम ने कहा, हमें जीवन में सदैव सच्चाई और सदाचार का साथ देना चाहिए, क्योंकि अंततः जीत सत्य की ही होती है। इस अवसर पर आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मौसमी मंडावी रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां प्रदान की। उन्होंने कहा हमें समाज और क्षेत्र के विकास के लिए सच्चाई के मार्ग पर चलना होगा। शिक्षा का प्रकाश ही हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल कर सकता है। नशा समाज के पतन का कारण है, अतः बुरी आदतों को त्याग कर अच्छी आदतों को अपनाएं। जब हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे, तभी समाज और देश प्रगति करेगा। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि सत्य की राह कठिन जरूर होती है, लेकिन अंत में विजय उसी की होती है।

रामलीला के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण एवं वानर सेना के जयघोष से समस्त ग्राम भक्तिभाव में सराबोर हो गया। वहीं रावण की सेना द्वारा प्रस्तुत आदिवासी पारंपरिक नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शीतला समिति ऊपरपारा घुरावड़ के कृष्णा नेताम, मनबोध नाग, डिकेंस कोर्राम, पुसऊ राम मरकाम, नारायण सिंह मरकाम, रिसऊ राम कोर्राम, महेश नेताम सरपंच, भगवानदीन शोरी एवं ग्राम के युवाओं, महिला पुरूष सहित समस्त शीतला समिति घुरावड़ के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# सेमरा में जोत-जंवारा व दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन सेमरा (भखारा)के शीतला माता एवं दुर्गा पंडालों में बोए गए ज्योत जंवारा तथा समितियों द्वारा स्थापित माँ दुर्गा प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। गुरुवार को परंपरानुसार ग्राम सेमरा (भखारा) में क्वांर नवरात्र पर शीतला माता में ज्योत-जंवारा का मां के भक्तों ने जसगीत मंडलियों व डीजे के साथ नाचते-गाते धूम-धाम से विसर्जन किया गया। इस दौरान जोत-जंवारा एवं मां अम्बे का दर्शन करने गांव के श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



ग्राम सेमरा(बी) की आराध्य देवी माता शीतला में ग्रामवासियों ने जोत जला जंवारा बोया था। जिसका अष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात बुधवार को विसर्जन यात्रा निकाली गई। जोत-जंवारा के आगे-आगे सेवा मंडलियों द्वारा जसगीत का गान करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। वहीं कई महिला एवं पुरूषों पर देवी-देवता विराजने से वे झूमते रहे। जिसे देखने भीड़ उमड़ी और पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ जगह-जगह स्वागत व पूजा-अर्चना कर तालाब में जंवारा विसर्जित किया गया।



## पेज 9 के शेष

### ऑटो चालक की ....

को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद अन्य 3 विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिकाः गिरफ्तार आरोपियों ने बताया विवाद के बाद करन दशहरा पसरा के अंदर चला गया जिसके बाद तीनों नाबालिग बालक भी अंदर गये। जहां करन व उनके बीच मारपीट हुआ। इसी दौरान एक नाबालिग ने अपने पास रखे धारदार चाकू से करन की जांघ पर वार किया गया। जिस पर करन द्वारा पास में रखे डण्डा को उठाकर खदेड़ा। जिस पर तीनों विधि से संघर्षरत बालक बाहर की ओर भागे। जिसका पीछे करते करते करन भी उनका पीछा करते करते गेट तक पहुंचा। तब तक तीनों वहां से भाग चुके थे। इसके बाद करन कुछ क्षण गेट के पास खड़ा रहा फिर घटनास्थल पर चला गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस आरोपी राहुल यादव व तीनों नाबालिग के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में निरीक्षक भोला सिंह राजपूत के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, अमित सिदार, एएसआई प्रमोद सिन्हा, भुवनेश्वर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, क्षमा साहू, आरक्षक रंगलाल खरे, सोनू कुमार, भुपेन्द्र नेताम, महेन्द्र पटेल, खेदू ठाकुर, बलराम कश्यप, बिपिन किशोर मिंज, मनोज मानिकपुरी, उत्तम ध्रुव व प्रदीप कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वदेशी मेले में ....

व्यवस्था प्रमुख विनायक बेहरा सहित स्वदेशी मंच के पदाधिकारी, सदस्य एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अयोध्या की राम ....

मनमोहक मंचन प्रस्तुत किया। जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके अलावा कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों ने भी पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों की सुंदर प्रस्तुति दी। बस्तर की सांस्कृतिक झलकियों से सजी इस संध्या ने दशहरा लोकोत्सव के पहले दिन को यादगार बना दिया। समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक, पर्यटक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## गुल्लापेंटा में घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल



**बीजापुर।** जिले के ग्राम गुल्लापेंटा में लंबे समय से 122 परिवारों की जल आपूर्ति की जिम्मेदारी गांव में संचालित 32 हैंडपंपों पर टिका हुआ था। ग्रामीणों को रोज़ाना पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था और गर्मियों के दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेता था। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की भारी खपत होती थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से गुल्लापेंटा गांव में फिल्टर युक्त शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है।
गांव के रहवासियों ने इस बदलाव को खुले दिल से स्वीकार किया है।
ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें रोज-रोज पानी के लिए जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती। खासकर महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, जो पहले घंटों पानी लाने में बिताती थीं। अब वे अपने समय का उपयोग अन्य कार्यों में कर पा रहे हैं। ग्रामवासियों ने केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में न केवल शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

# तहसील साहू संघ का हुआ निर्वाचन, वैभव बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छग प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार एवं जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में आज

- 2 कार्यकाल सम्पन्न करने के लिए शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया

तहसील साहू संघ दंतेवाड़ा का निर्वाचन कार्य सम्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्य के



प्रारंभ में विगत 2 कार्यकाल से अध्यक्ष की बागडोर सम्हाल रहे नरेंद्र साहू ने अपनी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की, इसके पश्चात जिले से नियुक्त पर्यवेक्षक दिनेश साहू एवं पुहुप साहू के नेतृत्व एवं जिला उपाध्यक्ष ढाल साहू, जिला महासचिव ओम साहू, राम गुलाल साहू, देवेंद्र साहू सहित अन्य की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य सम्पन्न हुआ। इस निर्वाचन में निर्विरोध रूप से तहसील अध्यक्ष वैभव चंदन, उपाध्यक्ष नोहर साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सार्वा, संगठन सचिव कृष्ण कुमार साहू एवं संगठन सचिव के पद पर अनिता साहू चुने गए। इसके पश्चात सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात जिला पदाधिकारियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मीठा खिलाकर नवीन कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की। सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सर्व प्रथम पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र साहू के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों एवं सफलतापूर्वक 2 कार्यकाल सम्पन्न करने के लिए साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, जिला पदाधिकारियों एवं निर्वाचन पर्यवेक्षको के सम्मान में साल श्रीफल प्रदान किया है, तत्पश्चात भोजन ग्रहण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# पलवा में 30 लाख की लागत के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलवा में सोमवार को लगभग 30 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों एवं एक पानी टैंकर का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ।

- तोकापाल ब्लॉक के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा कार्य



इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया उनमें शामिल हैं सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख, सीसी रोड 200 मीटर 6.54 लाख, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन निर्माण 5.00 लाख, उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण 12.40 लाख, पानी टेंकर वितरण 1.25 लाख। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम की संचार व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम कोटवार को माइक सेट का वितरण भी किया गया। यह पहल ग्राम स्तर पर सूचना के प्रचार-प्रसार और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित संचार व्यवस्था हेतु सहायक सिद्ध होगी। विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत पलवा सहित पूरे तोकापाल ब्लॉक के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में और भी योजनाएं लाकर क्षेत्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। कार्यक्रम इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मिटकु राम बघेल, सरपंच विजय कश्यप, केशव बघेल, सोनाधर फागु कश्यप एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समूह की महिलाएं हितग्राहियों को कर रही जागरूक



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे के निर्देशन में रजत जयंती के अवसर पर जिले में स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को जागरूक कर रही हैं। घर-घर जाकर महिलाएं योजनान्तर्गत गुणवत्ता युक्त आवास निर्माण, सामग्री की खरीदी में बरती जाने वाली सावधानियां के साथ कुशल राजमिस्त्री की उपलब्धता की जानकारी लाभार्थियों को साझा कर रही हैं। इस आवास रैली का मुख्य उद्देश्य जागरूकता बढ़ाने के साथ ही अपूर्ण, अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों के आवास निर्माण हेतु प्रेरित करना है। रैली में पंचायत प्रतिनिधि के अलावा जमीनी अमले भी शामिल होकर आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कर रहे हैं।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह के नाम पर बेरोजगारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर और सुकमा जिले में सीआरपीएफ रिक्त पदों पर चल हो रही भर्ती में पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों को अनदेखी किये जाने से आज, युवाओं नें कलेक्टर को केंद्रीय गृह

- पिछड़ा वर्ग युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में दिया जाए मौका

मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। गृह मंत्रालय कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक सेक्टर के पुलिस बल सीआरपीएफ नया रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ में महिला-पुरुष सहित करीब 300 रिक्त पदों पर बीजापुर और सुकमा जिले में रिक्त पदों की पूर्ति के लिये आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को दरकिनार किया गया है बस्तर संभाग के समस्त जिलों में पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों में जमकर रोष है जिसे खुद को वह छला हुआ महसूस कर रहे है। आज भारी संख्या में पिछड़ा वर्ग बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर संबित मिश्रा को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर चल रही सीआरपी भर्ती में पिछड़ा वर्ग युवाओं को भी लेने की मांग की है।

## मतदान केन्द्रों की सूची प्रदाय करने के संबंध में हुई बैठक



**दंतेवाड़ा।** मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत दन्तेवाड़ा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88-दन्तेवाड़ा अजजा के अंतर्गत 11 नये मतदान केन्द्र, 1 भवन परिवर्तन, 1 स्थल परिवर्तन, 5 अनुभाग स्थानांतरण एवं 1 अनुभाग नाम परिवर्तन प्रस्ताव मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की सहमति उपरांत आयोग को प्रेषित की गई थी। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया है। अनुमोदन पश्चात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88-दंतेवाड़ा अजजा के 284 मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन 6 अक्टूबर को जिला निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, दंतेवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दंतेवाड़ा, गीदम, बड़ेबचेली, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, जनपद पंचायतों, नगरपालिकाओं के कार्यालय में कर लिया गया है। 6 अक्टूबर को मतदान केन्द्रों के प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों का बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को को निःशुल्क मतदान केन्द्रों की सूची प्रदाय किया गया। सर्व साधारण को अवगत कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय, दंतेवाड़ा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दन्तेवाड़ा, गीदम, बड़ेबचेली, तहसील कार्यालय, दन्तेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण, कुआकोण्डा, बड़ेबचेली, बारसूर, जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर एवं जिले के वेबसाईड पर मतदान केन्द्रों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

## ओबीसी आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा इसलिए 27 प्रतिशत आरक्षण जरूरी है : यदु

**घाटलोहंगा।** छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण आज तक लागू नहीं हो पाई है जबकि पूर्व सरकार ने अध्यादेश ला कर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रयास किया पर अभी तक राज्यपाल के पास फाईल पड़ी



हुई है। जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है 15 दिवस के अन्दर निर्णय लिया जाये। लेकिन ऐसा नही हो पाया है। जिससे ओबीसी वर्ग को नुक्सान हो रहा है। राज्य सरकार को 27 प्रतिशत आरक्षण संशोधन विधेयक राज्यपाल से हस्ताक्षर करवा कर जल्द लागू करे। कई अन्य राज्यों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू है। ओबीसी वर्ग शिक्षा एवं आर्थिक स्थिति कमजोर है। उनके आर्थिक उन्नति के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण जल्द लागू होना चाहिए। ओबीसी वर्ग स्वर्ण को मिलने वाले लाभ का कभी विरोध नही किया पर उन्हीं लोगों के द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण का विरोध किया जा रहा है, जो निंदनीय है। ओबीसी को हक अधिकार मिलना चाहिए, वर्तमान सरकार ओबीसी वर्ग के साथ न्याय कर जनभागीदारी सुनिश्चित करें। ओबीसी समाज के बल पर ही सरकार बनती है और ओबीसी वर्ग को ही उपेक्षित है।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता पर विशेष जोर देने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आज जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और अब तक की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बरसात के कारण कार्यों की गति धीमी रही है, किंतु अब मौसम अनुकूल है, अतः कार्यों में तेजी लाकर लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम में जलापूर्ति योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए और जहां तकनीकी या प्रशासनिक अड़चनें



हैं, उन्हें तत्काल दूर किया जाए। कलेक्टर ने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिन ग्रामों में हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण हो चुका है, वहां योजना के संचालन और रखरखाव के लिए ग्रामीण स्तर पर हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया जाए । कलेक्टर ने कहा कि उचित प्रशिक्षण प्रदान कर स्थानीय स्तर पर योजना के सतत संचालन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, ताकि पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एसआर नेताम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता राहुल नाग, एवं विद्युत विभाग के सहायक अभियंता योगेश कुमार देवांगन, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, क्रेडा विभाग के अधिकारी सहित जिला जल स्वच्छता मिशन के सदस्यगण एवं विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी ग्रामीण परिवारों तक शुद्ध पेयजल की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके।

## अघोर गुरुपीठ बनोरा आश्रम पहुंचे विधायक



**घाटलोहंगा।** रायगढ़ जिले के बनोरा ग्राम स्थित प्रसिद्ध अघोर गुरुपीठ बनोरा आश्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं संगठन सृजन अभियान प्रभारी सीताराम लांबा ने पहुंचकर बाबा प्रियदर्शी राम से आशीर्वाद प्राप्त किया यह आश्रम अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम के शिष्य बाबा प्रियदर्शी राम जी द्वारा स्थापित किया गया है जो आध्यात्मिक साधना और जनकल्याण के केंद्र के रूप में जाना जाता है। आश्रम पहुंचने पर दोनों अतिथियों का स्वागत आश्रम प्रबंधन समिति एवं उपस्थित भक्तों द्वारा पारंपरिक विधि से किया गया विधायक बघेल एवं लांबा ने आश्रम परिसर का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की जानकारी ली।

**निधन**

## आयचुकी देवी टाटिया

**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित एवं ओसवाल जैन समाज की सुश्राविका आयचुकी देवी टाटिया



धर्मसहायिका खीवराज टाटिया 78 वर्ष का आज दोपहर में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को प्रातः 9 बजे निवास स्थान प्रतापगंज स्थित लुंकड़ टेक्स के पास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वह जोगराज, राकेश कुमार एवं मुकेश कुमार टाटिया की माता, पृथ्वीराज एवं गणेश कुमार की चाची, पुखराज, दीपचंद एवं भंवरलाल बोथरा की बहन थीं।

# उपाध्यक्ष ने वार्डों में स्वच्छता अभियान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर के प्रत्येक वार्डों की साफ-सफाई प्रतिदिन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनिल परिहार ने नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर नालियों एवं गलियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



किया और स्वच्छता के प्रति कर्मचारियों को सजग रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर नागरिकों से संवाद स्थापित कर स्वच्छता के महत्व को भी जानकारी उनके द्वारा दी गई। उनका यह प्रयास नगरवासियों में स्वच्छता के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार कर रहा है। उन्होंने स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। इस दौरान वार्ड पार्षद लखबती मौर्य नगर पंचायत बस्तर के कर्मचारी जगतार साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।




# बैलाडीला आयरन और माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स नो ड्रोन जोन घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली कॉम्पलेक्स द्वार में बैलाडीला आयरन ओर माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में स्थित है जो राष्ट्रीय महत्व का खनन क्षेत्र है। यह क्षेत्र माओवाद नक्सलवाद प्रभावित एलडब्ल्यूई क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जहाँ सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरे एवं अवांछित गतिविधियों की संभावना बनी रहती है। बिना अनुमति ड्रोन का संचालन उक्त क्षेत्र में सुरक्षा उल्लंघन एवं अवैध निगरानी अथवा अन्य असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकता है। भारतीय सुरक्षा संहिता-2023 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं स्थानीय पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों से परामर्श उपरांत अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा यह घोषित किया गया है कि बैलाडीला आयरन ओर माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स एवं इसके आस-पास का क्षेत्र नो ड्रोन जोन घोषित किया है। इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व लिखित अनुमति जिला दण्डाधिकारी अथवा सक्षम सुरक्षा प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किए बिना इस क्षेत्र में किसी प्रकार के ड्रोन मानव रहित विमान का संचालन नहीं करेगा। अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनाधिकृत ड्रोन गतिविधि दण्डनीय अपराध मानी जाएगी एवं संबंधित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा अगली आदेश तक प्रभावी रहेगी।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक 30/9/2025

**--उद्घोषणा--**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार यादव पिता पुरन सिंह यादव जाति रावत निवासी ग्राम केशलूर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने दादा लतेलराम यादव /स्व. महाजन यादव मृत्यु तिथि 9/10/1993 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत केशलूर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 14/10/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 30/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 14/10/2025

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्रं./ब-121/202509152300125/2024-25
ग्राम मारडूम प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा ग्राम मारडूम के जनता को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री गुड्डीराम पिता माहंगू, जाति माड़िया, ग्राम मारडूम, तहसील लोहंडीगुडा जिला बस्तर के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एव, आधारकार्ड, राशन कार्ड, की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है । आवेदक अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहते है । आवेदक अपने पिता माहंगू पिता बोडदे का मृत्यु दिनाक 12/02/1990 उल्लेखित है। जिसकी पेशी तिथि 10/10/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाशक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया। मसो

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्रं./ब-121/202509152300126/2024-25
ग्राम मारडूम प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा ग्राम मारडूम के जनता को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री गुड्डीराम पिता माहंगू, जाति माड़िया, ग्राम मारडूम, तहसील लोहंडीगुडा जिला बस्तर के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एव, आधारकार्ड, राशन कार्ड, की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने दादा का मृत्यु प्रमाण पत्र, शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहते है। आवेदक अपने दादा बोडदे पिता धुरवा का मृत्यु दिनाक 15/07/1996 उल्लेखित है। जिसकी पेशी तिथि 10/10/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाशक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया। मसो

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्रं./ब-121/202509152300127/2024-25
ग्राम मारडूम प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा ग्राम मारडूम के जनता को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री गुड्डीराम पिता माहंगू, जाति माड़िया, ग्राम मारडूम, तहसील लोहंडीगुडा जिला बस्तर के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एव, आधारकार्ड, राशन कार्ड, की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने छोटे पिताजी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहते है। आवेदक अपने छोटे पिताजी स्व. मुंगडू पिता बोडदे का मृत्यु दिनाक 10/05/1985 उल्लेखित है। जिसकी पेशी तिथि 10/10/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाशक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया। मसो

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सेवा पखावाड़ा में सेजेस करीतगांव में हुए सेवा के कार्य



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस करीतगांव ब्लाक बकावंड में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया गया। प्रत्येक दिवस विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता शपथ, रक्तदान, खेल के महत्व पर आधारित प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन दौड़, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं शपथ एवं महात्मा गांधी जयंती का आयोजन किया गया। खराब सड़कों की मरम्मत वॉलिंटियर्स ने किया। विद्यालय की प्राचार्य मोनिता पानिग्राही, कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर ,वाणी हुमने व्यावसायिक शिक्षक, लोकेश निषाद एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे । वॉलिंटियर्स में अजय सेठिया, दिनेश नाग, हेमंत बघेल, कार्तिक बघेल, धर्मदास नाग, उमेश कश्यप, थबीर नाग, सुरेंद्र कश्यप निर्मल भारती शामिल थे।

### आदि कर्मयोगी विलेज विजन प्रोग्राम 2030 का क्रियान्वयन

**दंतेवाड़ा।** आदि कर्मयोगी विलेज विजन प्रोग्राम 2030 का जिला दंतेवाड़ा में प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अभियान के कार्यों को सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत कासोली-01, बड़े कारली एवं हीरानार में ग्रामीणों की आवश्यक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में ग्रामीणों की आवश्यकताओं, मूलभूत सुविधाओं तथा विकास योजनाओं के आधार पर ग्रामों का विजन दस्तावेज तैयार किया गया। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि विलेज विजन प्रोग्राम 2030 के माध्यम से उनके गांवों का समुचित एवं सतत विकास संभव होगा। इस अवसर पर ग्रामों के नोडल अधिकारी राम प्रताप राजवाड़े सहायक संचालक, ग्राम सचिव सुकलधर ठाकुर, रविन्द्र सोनी, सोहन यादव, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी चोवाराम साहू, पटवारी डी.के. नागेश, पिंगला नेताम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेंशन हितग्राहियों के लिए आधार शिविरों का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केंद्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ऑनलाइन सत्यापन कार्य जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जारी है। इस प्रक्रिया के दौरान अनेक पेंशनधारियों को आधार अपडेट से संबंधित कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में आधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों की शुरुआत 7 अक्टूबर को नगर पालिका दंतेवाड़ा क्षेत्र से होगी, जहां दुर्गा मंच, आंवराभाटा में आधार शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 8 अक्टूबर को नगर पंचायत बारसूर में सांस्कृतिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# अमानक चावल मामले में नान ने साधी चुप्पी

## हजारों क्विंटल फफूंद लगा चावल राशन दुकानों में वितरण, कलेक्टर ने दिए थे जांच के आदेश

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सरकारी राशन दुकानों में गरीबों के लिए चावल माफिया और नागरिक आपूर्ति निगम फफूंद लगा और अमानक चावल पहुंचा रहा है। इसकी शिकायत के बाद कलेक्टर हरीश एस ने खाद्य विभाग को 10 दिन पहले जांच के निर्देश दिए थे जांच के बाद अमानक चावल की पुष्टि हुई। लेकिन इस गम्भीर मामले को ठंडे बस्ते में डालने जैसी स्थितियां दिखाई पड़ रही है।

- गड़बड़ी को छुपाने नान के अधिकारी राशन दुकानदारों से चावल बदलने लिखित में ले रहे आवेदन

विदित हो कि पिछले दिनों बस्तर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सरकारी राशन दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम के बालेंगा वेयर हाउस से फफूंद लगा चावल अमानक पाया गया था। क्वालिटी इंस्पेक्टर ने वितरण के लिए सहमति दी थी। तत्पश्चात फफूंद लगा चावल जिले के अनेक सरकारी राशन दुकानों में वितरण किया गया था। कुछ दुकानदारों के शिकायत बाद अमानक चावल को राशन दुकानों से आनन-फानन में वापस मंगवाया गया। इसकी सूचना कलेक्टर हरीश एस तक पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक कलेक्टर ने टीएल बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम के महाप्रबंधक को तलब कर फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने इस पूरे गड़बड़ी की जांच के निर्देश दिए। जांच में फफूंद लगा अमानक चावल की पुष्टि भी हुई लेकिन नान डीएम इस पूरे गड़बड़ी में शामिल क्वालिटी निरीक्षक के विरुद्ध अब तक कोई कारवाई नही की है। सूत्रों के मुताबिक नागरिक आपूर्ति निगम ने कुछ कर्मचारियों को राशन दुकानों में भेज अमानक चावल वापस कर गुणवत्ता चावल की आपूर्ति किए जाने का लिखित में जवाब ले रहा है। ऐसी लिखित पत्र हरिभूमि के पास है। इस मामले में जब नागरिक आपूर्ति निगम के डीएम से उनके मोबाइल से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नही किया।



### दशहरा समिति को भी फफूंद लगा 100 क्विंटल चावल भेजा गया था

नागरिक आपूर्ति निगम के गरावन्ड कला स्थित नागरिक आपूर्ति निगम के वेयर हाउस से 100 क्विंटल अमानक चावल दशहरा कमेटी को सप्लाई किया गया था । तत्काल निरीक्षण के दौरान घटिया चावल पाए जाने पर जिस वाहन से परिवहन किया गया उसी वाहन से वापस भिजवाकर गुणवत्तापूर्ण चावल की आपूर्ति की गई थी। अमानक चावल भेजने की पुष्टि उस दौरान तहसीलदार राहुल गुप्ता ने की थी।

## संत रामपाल के अनुयायियों ने गरीब आदिवासी परिवार को पहुंचाई मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए संत रामपाल महाराज के सानिध्य में देशभर में अन्नपूर्णा मुहिम चल रहा हैं। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले के बड़े बचेली के आदिवासी परिवार भारती भास्कर और उनके बेटे दिव्यानसु को खाद्य सामग्री और उपयोगी वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं।

- राशन और कपड़े देकर जरूरत को की पूरी

पति के निधन के बाद यह परिवार कठिन परिस्थितियों में जीवन बिता रहा हैं। शारीरिक कमजोरी और बीमारी के चलते भारती मजदूरी करने में असमर्थ हैं। शुक्रवार को महाराज के अनुयायियों ने इस परिवार तक आवश्यक वस्तुएं पहुंचाईं। जिसमें चावल, आलू, प्याज, शक्कर, तेल सहित अन्य शामिल था। साथ ही कपड़े भी दिए गए। पूर्व पार्षद फिरोज नवाब ने कहा गरीबों की मदद करना मानवता का काम है। वहीं पड़ोसी सुमित्रा ने कहा ऐसे सेवा कार्य लगातार चलती रहे। इस मुहिम में राज्य संयोजक भगत दुष्यंत दास संभाग संयोजक भगत गणपत दास, जिला संयोजक राजाराम दास, तहसील संयोजक टेसू राम दास शामिल थे।

## आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की संयुक्त पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण, टीकाकरण और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महापौर संजय पांडे ने स्ट्रे सेफ फाउंडेशन के डॉग शेल्टर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्था के सदस्यों के साथ बैठक कर कई मुद्दों पर चर्चा की।

- महापौर ने डॉग शेल्टर का दौरा कर की चर्चा



बैठक में शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों की संख्या, उनके टीकाकरण, देखभाल और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्था ने नगर निगम से एक उपयुक्त भूमि आबंटन की मांग की है जहां एक समर्पित डॉग शेल्टर का निर्माण कर नसबंदी और टीकाकरण की परियोजनाओं को नियमित रूप से संचालित किया जा सके।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करना, रेबीज जैसी संक्रामक बीमारियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और पशुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ आश्रय प्रदान करना है। महापौर ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए नगर निगम की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही जल्द ही एक छोटे स्तर के डॉग शेल्टर के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में स्ट्रे सेफ फाउंडेशन के सदस्य लुप्तेश जगत, सौरभ अल्लूवालिया, नीरव मोतीवाला, आकाश यादव, राहुल पांडे और शिवांगी सिंह उपस्थित रहे।

## वीर सावरकर भवन का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वीर सावरकर भवन का कायाकल्प होने जा रहा है। महापौर संजय पाण्डे ने सोमवार को नगर निगम अध्यक्ष, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण और निगम अधिकारियों के साथ भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि वर्षों से भवन का कोई रखरखाव नहीं किया गया था। जिसके कारण परिसर में कई खामियां और अव्यवस्थाएं उत्पन्न हो गई हैं।

- महापौर ने हो रहे निर्माण का किया अवलोकन

महापौर ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के नौं वर्षों में वीर सावरकर भवन सहित शहर के कई बड़े परिसरों और सार्वजनिक भवनों का न तो संरक्षण किया गया और न ही मरम्मत। लेकिन अब भाजपा की नगर सरकार में इन परिसरों को संरक्षित और सुसज्जित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वीर सावरकर भवन का जीर्णोद्धार भी इसी कड़ी में किया जा रहा है।

महापौर ने बताया कि भवन की मरम्मत और सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस राशि से भवन में रंग-रोगन, पूर्व नया सीलिंग, टॉयलेट्स मरम्मत , मंच, पंखा, एयर कूल्ड ,नालियों की मरम्मत और पूरे भवन में नए विद्युतीकरण का कार्य किया गया है। कमरों में पुराने सीलिंग को ठीक करके आकर्षक ढंग से लगाया जा रहा है। छत में शेड निर्माण कर भवन का संरक्षण साथ ही भवन के मुख्य प्रवेश द्वार और अंदरूनी परिसर को भी आकर्षक रूप देने की योजना अनुसार कार्य हो रहा है। वीर सावरकर भवन का उपयोग शहरवासी विवाह समारोहों, सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए करते हैं। इसलिए इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस करना समय की मांग है। महापौर ने टूटे फूटे टाइल्स को बदलकर दुरुस्त करने को कहा।



## विकास की रोशनी अंतिम छोर तक पहुंचे और हर गरीब हो लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर विकासखंड के सालेमेटा में क्षेत्र के विकास को गति देते हुए 38 लाख 64 हजार रुपये के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

उन्होंने खण्डसरा ग्राम पंचायत भवन के पास 5 लाख 87 हजार रुपए की लागत से निर्मित सोलर हाई मास्ट संयंत्र और खड़का ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत भवन के पास 5 लाख 87 हजार रुपए की लागत से निर्मित सोलर हाई मास्ट संयंत्र का लोकार्पण किया। इसके साथ ही सालेमेटा-1 ग्राम पंचायत में 14 लाख रुपए की लागत से बाजारपारा सड़क मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में 200 मीटर आहाता निर्माण कार्य और कोटगढ़ ग्राम पंचायत में 12 लाख 90 हजार रुपए की लागत से बुडरापारा से मारीगुड़ापारा मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य एवं अंजना घर से आंगनबाड़ी तक बनने वाली 300 मीटर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

- 38 लाख के कार्यों का सालेमेटा में भूमिपूजन और लोकार्पण





ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा सालेमेटा की इस पावन धरा पर आकर खुशी हो रही है । सब मिलकर बस्तर के विकास की एक और नई नींव रख रहे हैं। हमारी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि विकास की रोशनी बस्तर के अंतिम छोर और हर गरीब के घर तक पहुंचे।

इस अवसर पर सलेमेटा, खण्डसरा, छुरावंड, कोटगढ़, खड़का के सरपंच सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बस्तर लोकोत्सव में बॉलीवुड थीम की एंट्री गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा व शारदीय नवरात्र के दौरान आयोजित दुर्गोत्सव के दौरान अश्लील व फूहड़ता फैलाने पर सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने आपत्ति दर्ज करवाते आयोजन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। सक्षम अध्यक्ष कुणाल चालीसगांवकर ने कहा कि बस्तर दशहरा में माईं दंतेश्वरी की आराधना में कई तरह की जात्राएं होती है। जनजाति समूह अपनी परंपरा का निर्वहन बीते 600 सालों से करता आ रहा है। इसी बस्तर दशहरे के दौरान प्रशासन ने लालबाग में आयोजित बस्तर लोकोत्सव व स्वदेशी मेले में इस साल बॉलीवुड थीम को भी शामिल कर दिया है। रविवार की देर रात पार्श्वगायिका रूपाली जग्गा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। आध्यात्मिक मेले में ऐसी फूहड़ता परोसने की परंपरा सर्वथा अनुचित है।



गायिका द्वारा गानों का चयन भी सभ्य रूप से नहीं किया गया और उन्होंने फूहड़ गीतों की प्रस्तुति दी। जिला पंचायत के इस आयोजन को लेकर कोई भी गाइडलाइन गायिका रूपाली जग्गा को नहीं दी गई, जबकि इस आयोजन का नाम बस्तर दशहरा पर्व के तहत रखा गया है। कुणाल ने कहा कि इस पर्व में भक्ति संगीत और बस्तर लोकोत्सव के तहत स्थानीय लोकगीत व लोकनृत्यों को जगह दी जानी चाहिए थी।




